## प्राचार्य का कार्यालय,दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय,लहेरियासराय

ज्ञापांक– 6626 लहेरियासराय/दिनांक– 23.9.25

## निविदा सुचना

एन0एम0सी0, नई दिल्ली के मापदण्डों को पूर्ण करने हेतु दरभंगा चिकित्सा महाविधालय,लहेरियासराय दरभंगा के केन्द्रीय पुस्तकालय एवं विभिन्न विभागीय पुस्तकालय हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में मेडिकल पुस्तकों, नवीनतम एवं मूल संस्करण, विभिन्न विषयों/विशेषताओं के जर्नल (देशी एवं विदेशी) की आपूर्ति करने हेतु प्रकाशकों, प्राधिकृत वितरकों अथवा अधिकृत विक्रेताओं जो The federation of publisher's and Book sellers Association of India (FPBAI), New Delhi के मापदण्डों के शर्त्तें को पूरा करते है एवं जी0ओ0सी0 के द्वारा पुस्तकों/जर्नलों की आपूर्ति के प्राधिकृत एजेन्ट हो वे निम्न शर्त्त और स्थिति के साथ विज्ञापन के प्रथम की तिथि से 21 दिनों के अन्दर मुहरबंद लिफाफे में निबंधित/स्पीडपोस्ट द्वारा निविदा समर्पित करेंगें । 21 वे दिन रविवार अथवा राजपत्रित अवकाश होने पर दूसरे दिन शाम 5:00 बजे तक निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा की नियम एवं शर्तो तथा पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची प्राचार्य कार्यालय के लेखा प्रशाखा, दरभंगा चिकित्सा महाविधालय, लहेरियासराय के पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाइट www.dmc.edu.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

## नियम एवं शर्त्तें

1. पुस्तक एवं देशी विदेशी जर्नल हेतु निविदादाता को निविदा अलग–अलग देना होगा ।

2. जर्नल हेतु निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगा। निविदादाता को तकनीक एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मोहरबंद लिफाफा में भेजना होगा। (तकनीकी लिफाफे के उपर तकनीकी एवं वित्तिय निविदा लिखा होना चाहिये) दोनो निविदा एक बड़े लिफाफा में मुहरबंद होगा जिसपर ''वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पुस्तकालय के जर्नल की आपूर्ति हेतु निविदा'' बडे–बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में कम्प्युटर से टंकित होना चाहिये।

3. पुस्तक हेतु निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगा । निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय लिफाफे के उपर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिये) दोनो निविदा एक बड़े लिफाफे में मुहरबंद होगा जिसपर ''वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पुस्तक की आपूर्ति हेतु निविदा ''बडे–बडे एवं स्पष्ट अक्षरों में कम्प्युटर से टंकित होना चाहिये।

4. निविदा की अंतिम तिथि के दूसरे दिन अपराह्न 12:30 बजे दिन में अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष मे क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी,जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र के साथ उपस्थित रह सकते है।
5. निविदादाता को अग्रधन राशि के रूप में 1,00,000/–(एक लाख रूपया) का किसी राष्ट्रीयकरण बैंक से बैंक गारन्टी/ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, दरभंगा चिकित्सा महाविधालय,लहेरियासराय, के पदनाम से देय होगा, को जमा करना होगा । अनुमोदित निविदादाता का अग्रधन राशि दर अनुमोदन पश्चात् जमानत राशि के रूप में जमा रहेगा तथा अन्य निविदादाता की अग्रधन वापस कर दी जाएगी।
6. निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिए प्राचार्य/क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्राचार्य अथवा क्रय समिति को बिना कारण बतायें निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा । किसी भी

23.9.25

तरह के विवाद का निपटारा दरभंगा स्थित दरभंगा न्यायलय में होगा। दी गई शर्तों में किसी भी शर्तो को पूरा न करने के स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी ।

7. **The federation of publisher's and Booksellers Association of India (FPBAI) & GOC** का सदस्यता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण–पत्र नहीं रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा प्रथम दृष्टया रद्द कर दी जाएगी।
8. सफल निविदाकर्ता से एकरारनामा लिया जायेगा।
9. मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों का मूल्य सब्सक्रिप्शन दर से अधिक नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गयी पुस्तकों एवं जर्नलों का प्रकाशन दर (संबंधित कम्पनी ) विपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. **FOR** प्राचार्य कार्यालय/केन्द्रीय पुस्तकालय, दरभंगा चिकित्सा महाविधालय,लहेरियासराय, होगा इसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
11. विदेशी प्रकाशन में मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों का भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर/प्रकाशन दर में देना होगा । भारतीय प्रकाशन में मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलो का भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर/प्रकाशन दर में देना होगा ।
12. पुस्तकों एवं जर्नलों का पुस्तकालय छूट जी.ओ.सी. के मापदण्ड के अनुसार मान्य होगा।
13. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या समान शर्तो एवं समान दर रहने की स्थिति मे संबंधित आपूर्तिकर्ता के बीच क्रयादेश निर्गत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
14. तकनिकी अथवा वित्तीय निविदादाता द्वारा स्वयं से किये गये नियम एवं शर्त होने पर निविदा स्वतः रदद् मानी जायेगी।
15. निविदा में सलग्न किये गये सभी पृष्ठों हस्ताक्षरित एवं पृष्ठांकित होने के साथ मुख्य पृष्ठ पर कुल अनुलग्नक पृष्ठों की संख्या अंकित करना अनिवार्य हैं। कहीं भी हाथ से लिखे होने पर निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।
16. अनुमोदित फर्म को क्रयादेश के पश्चात पुस्तकों एवं जर्नलों की आपूर्ति करने के बाद विपत्र के साथ इस आशय का प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के द्वारा निर्गत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि "आपूर्ति की गयी पुस्तक एवं जर्नल की मूलप्रति में है तथा अद्यतन संस्करण की है"।
17. किसी भी मेडिकल कॉलेज में पुस्तकों एवं जर्नलों की आपूर्ति करने संबंधी कम से कम तीन वर्ष या उससे अधिक का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
18. अधिकतम पुस्तकों /जर्नलों के न्यूनतम दर दाता को क्रयादेश निर्गत किया जायेगा ।
19. वित्तीय निविदा में पुस्तकों/जर्नलों की सूची का मूल्य भारतीय रूपये में जी0एस0टी0 सहित एवं जी0एस0टी0 रहित अलग–अलग Excel sheet में Pen drive के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
20. आपूर्तिकर्त्ता को कय आदेश प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर पुस्तकों की आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा विधि सम्वत कार्रवाई की जायेगी ।
21. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार हेतु खोला नहीं जायेगा ।
22. निविदा में पुस्तक/जर्नल हेतु अलग–अलग छुट (Discount) संबंधी विवरण वित्तीय निविदा में देना आवश्यक होगा ।

तकनीकि निविदा में संलग्न की जानेवाली अनिवार्य आवश्यक कागजातों की सुची

- फर्म का रजिस्ट्रेशन
- फर्म का वैलीड जी0एस0टी0 नम्बर का प्रमाणपत्र।

23.9.25

- फर्म का अद्यतन आयकर विवरणी एवं पैन कार्ड की छायाप्रति।
- अग्रधन राशि के रूप में 1,00,000/–(एक लाख रूपया) का किसी राष्ट्रीयकरण बैंक से बैंक गारन्टी/ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, दरभंगा चिकित्सा महाविधालय,लहेरियासराय, के पदनाम से देय होगा। अनुमोदित नहीं होने वाले फर्म को अग्रधन की राशि लौटा दी जायेगी।
- **निम्न शर्तो का प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत शपथ त्र की मूलप्रति तकनीकि निविदा में संलग्न करना अनिवार्य है :–**
  1. निविदा में दिए गए सभी शर्त मुझे मान्य है।
  2. किसी संस्थान सा सरकारी कार्यालय द्वारा मेरे फार्म को कभी भी काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।
  3. मेरे फर्म का नाम कभी भी किसी भी अपराधिक मामला में दर्ज नहीं है तथा न्यायालय द्वारा मेरे फर्म को दंडित नहीं किया गया हैं।
  4. पुस्तकों एवं जर्नलों का दर प्रकाशन दर से अधिक नहीं है ।

23 निविदा हेतु Excel sheet का प्रारूप निम्न रूप से होगा, जिसे वित्तीय सीलबंद लिफाफे में ही मान्य होगा :–

| Sl No. | Author | Name of Books | Price |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

Alkaj 23.9.25

प्राचार्य,
दरभंगा चिकित्सा महाविधालय
लहेरियासराय । Mmc